﴾4﴿ ... अमीरुल मोमिनीन हज़रते सय्यिदुना अलिय्युल मुर्तज़ा کَرَّمَ اللّٰہُ تَعَالٰی وَجْہَہُ الْکَرِیْم

﴾5﴿ ... अमीरुल मोमिनीन हज़रते सय्यिदुना इमाम हसने मुज्तबा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ

सुवाल ... : चन्द सह़ाबए किराम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُم के नाम बताइये ।

जवाब ... : चन्द सह़ाबए किराम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُم के नाम येह हैं :

﴿1﴾... ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ब्दुल्लाह बिन अ़ब्बास رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا

﴿2﴾... ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ब्दुल्लाह बिन उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا

﴿3﴾... ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ब्दुल्लाह बिन मसऊ़द رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ

﴿4﴾... ह़ज़रते सय्यिदुना अमीरे मुआ़विया رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ

﴿5﴾... ह़ज़रते सय्यिदुना इमाम ह़सन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ

﴿6﴾... ह़ज़रते सय्यिदुना इमाम ह़ुसैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ

जन्नत में दरख़्त लगवाइये !

प्यारे मदनी मुन्नो ! वक़्त की अहम्मिय्यत का इस बात से अन्दाज़ा लगाइये कि अगर आप चाहें तो इस दुन्या में रहते हुवे सिर्फ़ एक सेकन्ड में जन्नत के अन्दर एक दरख़्त लगवा सकते हैं और जन्नत में दरख़्त लगवाने का त़रीक़ा भी निहायत ही आसान है। चुनान्चे इब्ने माजा शरीफ़ की एक ह़दीसे पाक के मुत़ाबिक़ इन चारों कलिमात में से जो भी कलिमा कहें जन्नत में एक दरख़्त लगा दिया जाएगा । वोह कलिमात येह हैं :

(1) سُبْحٰنَ اللّٰہ (2) اَلْحَمْدُ لِلّٰہِ (3) لَآ اِلٰہَ اِلَّا اللّٰہُ (4) اَللّٰہُ اَکْبَر

(سُنَن ابن ماجہ ج ۴ ص ۲۵۲ حدیث ۳۸۰۷ دار المعرفۃ بیروت)



औलियाए किराम رَحِمَهُمُ اللهُ السَّلَام

सुवाल ... : वलिय्युल्लाह किस को कहते हैं ?

जवाब ... : अपनी ख़्वाहिशात को अल्लाह عَزَّوَجَلَّ और उस के रसूले करीम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की महब्बत में फ़ना करने और हमेशा उन की इताअ़त व फ़रमां बरदारी करने वाले मुसलमान बन्दे को वलिय्युल्लाह कहते हैं ।

सुवाल ... : चन्द औलियाए किराम رَحِمَهُمُ اللهُ السَّلَام के नाम बताइये और येह भी बताइये कि इन के मज़ारात कहां हैं ?

जवाब ... : जन्नत के 8 दरवाज़ों की निस्बत से 8 औलियाए इज़ाम के नाम और मज़ारात येह हैं :

﴾1﴿ ...हज़रते सय्यिदुना शैख़ अ़ब्दुल क़ादिर जीलानी (हुज़ूर ग़ौसे आ'ज़म) رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه इन का मज़ारे मुक़द्दस इराक़ के शहर "बग़दाद शरीफ़" में है ।

﴾2﴿ ...हज़रते सय्यिदुना मोईनुद्दीन चिश्ती (ख़्वाजा ग़रीब नवाज़) رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه इन का मज़ार शरीफ़ हिन्द के शहर "अजमेर शरीफ़" में है ।

﴿3﴾... हज़रते सय्यिदुना शैख़ शहाबुद्दीन सोहरवर्दी رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه

इन का मज़ारे मुबारक ईरान के शहर "सोहरवर्द शरीफ़" में है।

﴿4﴾... हज़रते सय्यिदुना शैख़ बहाउद्दीन नक़्शबन्द رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه

इन का मज़ारे मुक़द्दस उज़्बेकिस्तान के शहर "बुख़ारा" में है।

﴿5﴾... हज़रते सय्यिदुना अ़ली हजवेरी (दाता गन्ज बख़्श) رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه

इन का मज़ार शरीफ़ पाकिस्तान के शहर मर्कज़ुल औलिया "लाहौर" में है।

﴿6﴾... हज़रते सय्यिदुना बहाउद्दीन ज़करिया मुलतानी رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه

इन का मज़ारे मुक़द्दस पाकिस्तान के शहर मदीनतुल औलिया "मुलतान" में है।

﴿7﴾... हज़रते सय्यिदुना बाबा फ़रीदुद्दीन गंजे शकर رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه

इन का मज़ारे मुक़द्दस पाकिस्तान के शहर "पाक पतन शरीफ़" में है।

﴿8﴾... हज़रते सय्यिदुना इमाम अहले सुन्नत मौलाना शाह इमाम अह़मद रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن

इन का मज़ारे पाक हिन्द के शहर "बरेली शरीफ़" में है।

पाकी व तह़ारत

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم : पाकीज़गी निस्फ़ ईमान है।

(صحیح مسلم، کتاب الطھارۃ، باب فضل الوضوء، الحدیث: ۲۲۳، ص ۱۴۰)

इबादात

वुज़ू

सुवाल ... : वुज़ू के फ़राइज़ कितने और कौन कौन से हैं ?

जवाब ... : वुज़ू के चार फ़राइज़ हैं और वोह येह हैं :

लफ़्ज़ "अल्लाह" के चार हुरूफ़ की निस्बत से वुज़ू के चार फ़राइज़ ।

﴿1﴾ ... चेहरा धोना **﴿2﴾ ... कोहनियों समेत दोनों हाथ धोना**

﴿3﴾ ... चौथाई सर का मस्ह करना **﴿4﴾ ... टख़्नों समेत दोनों पाउं धोना [1]**



[1] .....नमाज़ के अह़काम, स. 14

सुवाल ... : वुज़ू करने से पहले क्या पढ़ना चाहिये ?

जवाब ... : वुज़ू करने से पहले بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ पढ़ना सुन्नत है ।

सुवाल ... : वुज़ू करने से पहले "بِسْمِ اللّٰهِ وَالْحَمْدُ لِلّٰه" पढ़ने की क्या फ़ज़ीलत है ?

जवाब ... : वुज़ू करने से पहले "بِسْمِ اللّٰهِ وَالْحَمْدُ لِلّٰه" पढ़ने से जब तक वुज़ू बाक़ी रहेगा फ़िरिश्ते नेकियां लिखते रहेंगे ।[1]

सुवाल ... : दौराने वुज़ू ﴿ يَا قَادِرُ ﴾ पढ़ने की क्या फ़ज़ीलत है ?

जवाब ... : जो शख़्स दौराने वुज़ू ﴿ يَا قَادِرُ ﴾ पढ़ेगा उस को दुश्मन इग़्वा नहीं कर सकेगा ।

वुज़ू से गुनाह झड़ते हैं

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

जब आदमी वुज़ू करता है तो हाथ धोने से हाथों के और चेहरा धोने से चेहरे के और सर का मस्ह करने से सर के और पाउं घोने से पाउं के गुनाह झड़ते हैं ।

(المسند للامام احمد بن حنبل، الحدیث: ۴۱۵، ج ۱، ص ۱۳۰ ملتقطاً)

---

[1] ..... مجمع الزوائد، کتاب الطهارة، الحدیث: ۱۱۲، ج ۱، ص ۵۱۳

नमाज़



सुवाल ... : क्या मदनी मुन्नों को भी नमाज़ पढ़नी चाहिये ?

जवाब ... : जी हां ! मदनी मुन्नों को भी नमाज़ पढ़नी चाहिये ।

सुवाल ... : नमाज़ की कितनी शराइत़ हैं ?

जवाब ... : नमाज़ की 6 शराइत़ हैं ।

सुवाल ... : नमाज़ के कितने फ़राइज़ हैं ?

जवाब ... : नमाज़ के 7 फ़राइज़ हैं ।

सुवाल ... : फ़ज्र की नमाज़ में कितनी रकअ़तें हैं और कौन कौन सी हैं ?

जवाब ... : फ़ज्र की नमाज़ में 4 रकअ़तें हैं : दो सुन्नतें मुअक्कदा.... दो फ़र्ज़ ।

सुवाल ... : ज़ोहर की नमाज़ में कितनी रकअ़तें हैं और कौन कौन सी हैं ?

जवाब ... : ज़ोहर की नमाज़ में 12 रकअ़तें हैं :

चार सुन्नते मुअक्कदा.... चार फ़र्ज़ ... दो सुन्नते मुअक्कदा... दो नफ़्ल ।

सुवाल ... : अ़स्र की नमाज़ में कितनी रकअ़तें हैं और कौन कौन सी हैं ?

जवाब ... : अ़स्र की नमाज़ में 8 रकअ़तें हैं : चार सुन्नते ग़ैर मुअक्कदा... चार फ़र्ज़ ।

सुवाल ... : मग़रिब की नमाज़ में कितनी रकअ़तें हैं और कौन कौन सी हैं ?

जवाब ... : मग़रिब की नमाज़ में 7 रकअ़तें हैं : तीन फ़र्ज़... दो सुन्नते मुअक्कदा... दो नफ़्ल ।

सुवाल ... : इ़शा की नमाज़ में कितनी रकअ़तें हैं और कौन कौन सी हैं ?

जवाब ... : इ़शा की नमाज़ में 17 रकअ़तें हैं : चार सुन्नते ग़ैर मुअक्कदा... चार फ़र्ज़...

दो सुन्नते मुअक्कदा... दो नफ़्ल... तीन वित्र वाजिब... दो नफ़्ल ।

अच्छी अच्छी निय्यतें

"तिलावत की निय्यतें" के 12 हुरूफ़ की निस्बत से तिलावते कुरआने करीम की 12 अच्छी अच्छी निय्यतें



﴾1﴿... अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की रिज़ा और सवाब की निय्यत से कुरआने पाक की ता'लीम ह़ासिल करूंगा।

﴾2﴿...मदनी क़ाइदे और कुरआने मजीद का अदब व एह़तिराम करूंगा।

﴾3﴿...हुक्मे कुरआनी पर अ़मल करते हुवे मदनी क़ाइदे में आयाते कुरआनी और कुरआने पाक को बा वुज़ू छुऊंगा।

﴾4﴿...मदनी क़ाइदे और कुरआने पाक को ता'ज़ीम की निय्यत से बोसा दूंगा।

﴾5﴿... घर में भी तिलावत का मा'मूल बनाऊंगा।

﴾6﴿ ... अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की रिज़ा के लिये सारी ज़िन्दगी ठहर ठहर कर दुरुस्त मख़ारिज के साथ कुरआने पाक की तिलावत करूंगा ।

﴾7﴿ ... मदनी क़ाइदे और कुरआने पाक की तिलावत का सवाब अपने मुर्शिदे करीम, असातिज़ा, वालिदैन और प्यारे आक़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की प्यारी उम्मत को ईसाल करूंगा ।

﴾8﴿ ... कुरआने करीम के अह़कामात पर ज़िन्दगी भर अ़मल करूंगा ।

﴾9﴿ ... मदनी क़ाइदा और कुरआने पाक पर ग़ैर ज़रूरी निशानात नहीं लगाऊंगा ।

﴾10﴿... मदनी क़ाइदे और कुरआने पाक को शहीद होने से बचाऊंगा ।

﴾11﴿... मदनी क़ाइदे और कुरआने पाक को धूल मिट्टी से बचाने के लिये जुज़दान में रखूंगा ।

﴾12﴿... (निगाहें नीची रखने वाली सुन्नत पर अ़मल करते हुवे) दौराने तिलावत इधर उधर देखने से बचूंगा । اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ

हुसूले इल्म से गुनाह झड़ते हैं

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم : जो बन्दा इल्म की जुस्तजू में जूते या मौज़े या कपड़े पहनता है, अपने घर की चोखट से निकलते ही उस के गुनाह मुआ़फ़ कर दिये जाते हैं। (المعجم الاوسط، الحدیث: ۵۷۲۲، ج۴، ص۲۰۴)

मदीना मदीना हमारा मदीना[1]



मदीना मदीना हमारा मदीना
हमें जानो दिल से है प्यारा मदीना
सुहाना सुहाना दिल आरा मदीना
दिवानों की आंखों का तारा मदीना

येह हर आ़शिक़े मुस्त़फ़ा कह रहा है
हमें तो है जन्नत से प्यारा मदीना

वहां प्यारा का'बा यहां सब्ज़ गुम्बद
वोह मक्का भी मीठा तो प्यारा मदीना

बुला लीजिये अपने क़दमों में आक़ा
दिखा दीजिये अब तो प्यारा मदीना

फिरूं गिर्दे का'बा पियूं आबे ज़म ज़म
मैं फिर आ के देखूं तुम्हारा मदीना

ख़ुदा गर क़ियामत में फ़रमाए मांगो
पुकारेंगे दीवाने प्यारा मदीना

मदीने में आक़ा हमें मौत आए
बने काश ! मदफ़न हमारा मदीना

ज़िया पीरो मुर्शिद के सदक़े में आक़ा
येह अ़त्तार आए दो बारा मदीना

---

[1].....वसाइले बख़्शिश, (मुरम्मम) स. 355

मदनी फूल

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم **:**

जिस ने मेरी सुन्नत से महब्बत की उस ने मुझ से महब्बत की और जिस ने मुझ से महब्बत की वोह जन्नत में मेरे साथ होगा[1]

सलाम करने के मदनी फूल

- हर मुसलमान को सलाम करना चाहिये ।
- मुसलमान सलाम करे तो उस का जवाब दीजिये ।
- सलाम के बेहतरीन अलफ़ाज़ येह हैं :

اَلسَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللّٰهِ وَبَرَكَاتُه

- सलाम के जवाब के बेहतरीन अलफ़ाज़ येह हैं :

وَعَلَيْكُمُ السَّلَامُ وَرَحْمَةُ اللّٰهِ وَبَرَكَاتُه

- सलाम में पहल करने वाले पर 90 और जवाब देने वाले पर 10 रह़मतें नाज़िल होती हैं ।[2]
- सलाम बुलन्द आवाज़ से करना चाहिये ।
- सलाम का जवाब फ़ौरन देना वाजिब है ।

---

[1] ……مشکوۃ المصابیح، الحدیث: ۱۷۵، ج ۱، ص ۵۵

[2] ……الجامع الصغیر، الحدیث: ۴۸۷، ملخصاً

- सलाम में पहल करना सुन्नते मुबारका है।
- छोटा बड़े को सलाम करे।
- घर में आते जाते सलाम करना सुन्नत है।
- जब जब मुलाक़ात हो सलाम करना चाहिये।

पानी पीने के मदनी फूल

- पानी बैठ कर पीना चाहिये।
- पानी उजाले में देख कर पीना चाहिये।
- पानी सीधे हाथ से पीना चाहिये।
- पानी सर ढांप कर पीना चाहिये।
- पानी "بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ" पढ़ कर पीना चाहिये।
- पानी पीने के बा'द "اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ" पढ़ना चाहिये।
- पानी तीन सांस में पीना चाहिये।
- पानी दोनों होंट मिला कर आहिस्ता आहिस्ता पीना चाहिये।
- पानी पीते हुवे टपकने और गिरने से बचाना चाहिये।
- बचा हुवा पानी नहीं फैंकना चाहिये।

खाना खाने के मदनी फूल

- खाने से पहले और बा'द दोनों हाथ पहुंचों तक धोना सुन्नत है[1] और कुल्लियां कर के मुंह का अगला हिस्सा भी धो लीजिये ।
- खाना सुन्नत के मुताबिक़ बैठ कर खाना चाहिये । एक सुन्नत येह है कि "सीधा घुटना खड़ा करें और उलटा पाउं बिछा कर उस पर बैठ जाएं ।"[2]
- खाना दाएं हाथ की तीन उंगलियों (अंगूठा, शहादत की उंगली और बीच वाली उंगली) से खाना चाहिये ।[3]
- खाने से पहले "بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ" पढ़ना सुन्नत है ।[4]
- खाना छोटे छोटे निवाले बना कर अच्छी त़रह़ चबा कर खाना चाहिये ।
- खाने के बा'द बरतन अच्छी त़रह़ साफ़ कर लीजिये ।
- खाने के बा'द "اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ" कहना चाहिये ।
- अगर शुरूअ़ में بِسْمِ اللّٰه या दुआ पढ़ना भूल जाएं तो याद आने पर येह दुआ पढ़ें : بِسْمِ اللّٰهِ اَوَّلَهٗ وَاٰخِرَه[5]
- रोटी बाएं हाथ में ले कर दाएं हाथ से तोड़िये ।

---

[1] ..... سنن ابن ماجه، کتاب الاطعمه، باب الوضوعند الطعام، الحدیث: ۳۲۶۰، ج ۴، ص ۹

[2] ..... बहारे शरीअ़त, हिस्सा 16, स. 21

[3] ..... مرقاة، کتاب الاطعمه، ج ۸، ص ۸

[4] ..... صحیح مسلم، کتاب الاشربة، باب اداب الطعام... الخ، الحدیث: ۲۰۱۷، ص ۱۱۱۶

[5] ..... سنن ابی داود، کتاب الاطعمة، باب التسمیة علی الاطعام، الحدیث: ۳۷۶۷، ج ۳، ص ۴۸۷

- खाना ज़रूरत से ज़ियादा न लीजिये और गिरने से बचाइये ।
- रोटी के टुकड़े या चावल के दाने गिर जाएं तो उठा कर खा लीजिये कि मग़्फ़िरत की बिशारत है ।
- खाना खाने के बा'द हाथ धो कर अच्छी त़रह़ पौंछ लीजिये ।

❁...❁...❁

छींक के मदनी फूल

- छींकते वक़्त सर झुकाइये और मुंह छुपाइये और आवाज़ आहिस्ता निकालिये ।
- छींक आने पर "اَلْحَمْدُ لِلّٰه" कहना सुन्नत है ।
- सुनने वाले पर वाजिब है कि जवाब में "يَرْحَمُكَ اللّٰه" कहे ।
- जवाब सुन कर छींकने वाला कहे "يَغْفِرُ اللّٰهُ لَنَا وَلَكُمْ"

❁...❁...❁

जमाही के मदनी फूल

- ह़दीसे पाक में है कि "जब कोई जमाही लेता है तो शैत़ान हंसता है ।"[1]
- जमाही शैत़ान की त़रफ़ से है, जहां तक हो सके इसे रोकना चाहिये ।[2]

---

[1] .....صحیح البخاری، کتاب الادب، الحدیث: ٦٢٢٦، ج ٤، ص ١٦٣

[2] .....المرجع السابق

- जमाही आने लगे तो बाएं हाथ की पुश्त मुंह पर रखनी चाहिये ।
- जमाही रोकने का मुजर्रब त़रीक़ा येह है कि दिल में ख़याल करे कि अम्बियाए किराम عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام को जमाही नहीं आती थी ।[1]

नाख़ुन काटने के मदनी फूल

- लम्बे नाख़ुन शैत़ान की निशस्तगाह हैं या 'नी इन पर शैत़ान बैठता है ।[2]
- दांत से नाख़ुन तराशना मकरूह है और बर्स का बाइस है ।[3]
- पहले दाएं हाथ की शहादत की उंगली से शुरूअ़ कर के तरतीब वार छुंगलिया या 'नी छोटी उंगली समेत नाख़ुन काटें मगर अंगूठा छोड़ दें ।
- फिर उल्टे हाथ की छुंगलिया से शुरूअ़ कर के तरतीब वार अंगूठे समेत नाख़ुन काटें ।
- आख़िर में सीधे हाथ के अंगूठे का नाख़ुन काटें ।

---

[1] .....बहारे शरीअ़त, हिस्सए सिवुम, जि. 1, स. 538

[2] .....کیمائے سعادت، ج ۱، ص ۱۶۸

[3] .....ردالمحتار، کتاب الحظر والاباحة، فصل فی البیع، ج ۹، ص ۶۶۸

अख़्लाक़ियात

अच्छे और बुरे काम

- वालिदैन और बड़ों के साथ हमेशा अदबो एह़तिराम से पेश आना चाहिये ।
- वालिदैन से ऊंची आवाज़ में बात करना बे अदबी है ।
- जब वालिदैन आएं तो उन के अदब में खड़ा हो जाना चाहिये ।
- दिन में कम अज़ कम एक मरतबा वालिद साह़िब के हाथ और वालिदए मोह़तरमा के पाउं चूमना चाहिये ।
- वालिदैन का कहा हुवा हर जाइज़ काम ख़ुशदिली से करना चाहिये ।
- हर नमाज़ के बा'द वालिदैन, पीरो मुर्शिद और उस्ताज़ साह़िब के लिये अच्छी अच्छी दुआ़एं कीजिये ।
- झूट बोलना बहुत बड़ा गुनाह है ।
- गाली देना ना जाइज़ व गुनाह है ।
- चोरी करना भी बहुत बड़ा गुनाह है ।
- किसी मुसलमान को तक्लीफ़ देना गुनाह है ।
- मस्जिद में शोर मचाना और हंसना मन्अ़ है ।
- ग़ीबत ह़राम और जहन्नम में ले जाने वाला काम है ।
- चुग़ुल ख़ोर जन्नत में नहीं जाएगा ।
- जो चुप रहा उस ने नजात पाई ।

मदनी माह

इस्लामी महीनों के नाम

सुवाल ... : मदनी माह (इस्लामी महीने) कितने और कौन कौन से हैं ?

जवाब ... : मदनी माह (इस्लामी महीने) बारह हैं और वोह येह हैं :

﴾1﴿... मुहर्रमुल हराम

﴾2﴿... सफ़रुल मुज़फ़्फ़र

﴾3﴿... रबीउ़ल अव्वल

﴾4﴿... रबीउ़ल आख़िर

﴾5﴿... जुमादल उ़ला

﴾6﴿... जुमादल उख़रा

﴾7﴿... रजबुल मुरज्जब

﴾8﴿... शा'बानुल मुअ़ज़्ज़म

﴾9﴿... रमज़ानुल मुबारक

﴾10﴿... शव्वालुल मुकर्रम

﴾11﴿... जुल क़ा'दतिल हराम

﴾12﴿... जुल हिज्जतिल हराम

दा'वते इस्लामी

बुन्यादी मा'लूमात



सुवाल ... : तब्लीग़े कुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक का नाम बताइये ।

जवाब ... : "दा'वते इस्लामी"

सुवाल ... : दा'वते इस्लामी के बानी का नाम बताइये ।

जवाब ... : अमीरे अहले सुन्नत, ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी रज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه

सुवाल ... : दा'वते इस्लामी का मदनी मक़्सद क्या है ?

जवाब ... : दा'वते इस्लामी का मदनी मक़्सद येह है :

"मुझे अपनी और सारी दुन्या के लोगों की इस्लाह़ की कोशिश करनी है ।" اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ

सुवाल ... : दा'वते इस्लामी के आ़लमी मदनी मर्कज़ का नाम क्या है और येह कहां वाक़ेअ़ है ?

जवाब ... : दा'वते इस्लामी के आ़लमी मदनी मर्कज़ का नाम "फ़ैज़ाने मदीना" है और येह बाबुल मदीना (कराची) में वाक़ेअ़ है ।

सुवाल ... : कुरआनो ह़दीस के बा'द उर्दू में पढ़ी जाने वाली इस्लामी किताबों में सब से ज़ियादा पढ़ी जाने वाली किताब कौन सी है ?

जवाब ... : एक अन्दाज़े के मुताबिक़ कुरआनो ह़दीस के बा'द उर्दू में पढ़ी जाने वाली इस्लामी किताबों में सब से ज़ियादा पढ़ी जाने वाली किताब "फ़ैज़ाने सुन्नत" है, اَلْحَمْدُ لِلّٰه عَزَّوَجَلَّ इस की मक़्बूलिय्यत के सबब इंग्लिश, हिन्दी, गुजराती, सिन्धी और बंगला ज़बान में भी इस का तर्जमा हो चुका है ।

सुवाल ... : किताब "फ़ैज़ाने सुन्नत" के मोअल्लिफ़ का नाम बताइये ।

जवाब ... : शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी रज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه

मन्क़बते अ़त्तार

अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

तेरा करम है ज़ाते बारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी
निस्बत क्या है प्यारी प्यारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

आक़ा दे दो बे क़रारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी
करता रहूं मैं अश्कबारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

आक़ा सुन लो अ़र्ज़ हमारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी
पूरी करूं मैं ज़िम्मादारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

आक़ा तेरे सदक़े वारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी
नाज़ां हूं निस्बत पे हमारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

मैं हूं ज़ियाई मैं हूं रज़वी सग हूं ग़ौसे पाक का
क़ादिरी हूं क़ादिरी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

दर्सो बयां से क्यूं घबराऊं कैसा डर क्या ख़ौफ़ हो
क्यूं हो किसी का रो'ब त़ारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

देता रहूं नेकी की दा'वत चाहता हूं इस्तिक़ामत
गुज़रे यूं ही उ़म्र सारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

प्यारे आक़ा बख़्शवाना नारे दोज़ख़ से बचाना

इस्यां का है बोझ भारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

मैं भी देखूं मक्का मदीना मुर्शिद तेरी आंखों से

कब आएगी मेरी बारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

रौज़ए अक़्दस मिम्बरे नूर मैं भी देखूं काश ! हुज़ूर

प्यारी दिखा जन्नत की क्यारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

मीठे मुर्शिद मीठा ह़रम हो मौला अब तो ऐसा करम हो

ह़सरत निकले फिर तो हमारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

मेरे बापा मेरे दाता भर दो मेरा भी तुम कासा

फ़ैज़ तेरा है जग पे जारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी


दे दो मुर्शिद कुफ़्ले मदीना बापा अ़त़ा हो फ़िक्रे मदीना

मैं हूं मंगता मैं हूं भिकारी अ़त्तारी हूं अ़त्तारी

शुक्रिय्या

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم: जिस ने लोगों का शुक्रिय्या अदा नहीं किया उस ने अल्लाह عَزَّوَجَلَّ का शुक्र अदा नहीं किया। (سنن الترمذي، كتاب البرّ والصلة، باب ماجاء في الشكر... إلخ، الحديث: ١٩٦٢، ج ٣، ص ٣٨٤)

अवरादो वज़ाइफ़



﴾1﴿...तस्बीहे फ़ातिमा :

हर नमाज़ के बा'द 33 बार ﴾سُبْحٰنَ اللّٰهِ﴿ 33 बार ﴾اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ﴿ और 34 बार ﴾اَللّٰهُ اَكْبَرُ﴿ पढ़ें ।

﴾2﴿... يَاسَلَامُ :

111 बार पढ़ कर बीमार पर दम करने से اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ शिफ़ा हासिल होगी ।

﴾3﴿...يَاوَهَّابُ :

जो रोज़ाना सात बार पढ़ेगा उस की हर दुआ क़बूल होगी ।

﴾4﴿...يَاعَظِيْمُ :

सात बार पढ़ कर पानी पर दम कर के पीने से पेट का दर्द ख़त्म हो जाता है ।

5...يَامُجِيْبُ :

तीन बार पढ़ कर दम करें, اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ दर्दे सर दूर होगा ।

6...يَاقَوِيُّ :

पांचों नमाज़ों के बा'द सीधा हाथ सर पर रख कर ग्यारह मरतबा पढ़ें कुव्वते ह़ाफ़िज़ा मज़बूत होगी ।

दुरूद शरीफ़

صَلَّى اللّٰهُ عَلٰى مُحَمَّد [1]

जो येह दुरूदे पाक पढ़ता है उस पर रह़मत के 70 दरवाज़े खोल दिये जाते हैं ।

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّاَنْزِلْهُ الْمَقْعَدَ الْمُقَرَّبَ عِنْدَكَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

जिस ने येह दुरूदे पाक पढ़ा उस के लिये मेरी शफ़ाअ़त वाजिब हो गई ।[2]


---

[1] .....القول البدیع، ص۲۷۷

[2] .....مجمع الزوائد، الحدیث: ۱۷۳۰۴، ج۱۰، ص۲۵۴.....المسند للامام احمد بن حنبل، الحدیث: ۱۶۹۸۸، ج۶، ص۴۶

मन्क़बते ग़ौसे आ'ज़म

असीरों के मुश्किल कुशा ग़ौसे आ'ज़म[1]



असीरों के मुश्किल कुशा ग़ौसे आ'ज़म
फ़क़ीरों के ह़ाजत रवा ग़ौसे आ'ज़म

घिरा है बलाओं में बन्दा तुम्हारा
मदद के लिये आओ या ग़ौसे आ'ज़म

तेरे हाथ में हाथ मैं ने दिया है
तेरे हाथ है लाज या ग़ौसे आ'ज़म

मुरीदों को ख़त़रा नहीं बह़रे ग़म से
कि बेड़े के हैं नाख़ुदा ग़ौसे आ'ज़म

ज़माने के दुख दर्द की रंजो ग़म की
तेरे हाथ में है दवा ग़ौसे आ'ज़म

निकाला है पहले तो डूबे हुओं को
और अब डूबतों को बचा ग़ौसे आ'ज़म

मेरी मुश्किलों को भी आसान कीजिये
कि हैं आप मुश्किल कुशा ग़ौसे आ'ज़म

खिला दे जो मुरझाई कलियां दिलों की
चला कोई ऐसी हवा ग़ौसे आ'ज़म

कहे किस से जा कर ह़सन अपने दिल की
सुने कौन तेरे सिवा ग़ौसे आ'ज़म

---

[1]..... ज़ौक़े ना'त, स. 124-128

मुनाजात

महब्बत में अपनी गुमा या इलाही عَزَّوَجَلَّ [1]



महब्बत में अपनी गुमा या इलाही
न पाऊं मैं अपना पता या इलाही
रहूं मस्तो बे ख़ुद मैं तेरी विला में
पिला जाम ऐसा पिला या इलाही
मैं बेकार बातों से बच कर हमेशा
करूं तेरी ह़म्दो सना या इलाही
मेरे अश्क बहते रहें काश हर दम
तेरे ख़ौफ़ से या ख़ुदा या इलाही
गुनाहों ने मेरी कमर तोड़ डाली
मेरा ह़श्र में होगा क्या या इलाही
बना दे मुझे नेक नेकों का सदक़ा
गुनाहों से हर दम बचा या इलाही
मेरा हर अ़मल बस तेरे वासिते़ हो
कर इख़्लास ऐसा अ़ता या इलाही
इबादत में गुज़रे मेरी ज़िन्दगानी
करम हो करम या ख़ुदा या इलाही
मुसलमां है अ़त्तार तेरी अ़ता से
हो ईमान पर ख़ातिमा या इलाही

---

[1] .....वसाइले बख़्शिश, स. 105

सलातो सलाम

मुस्त़फ़ा जाने रह़मत पे लाखों सलाम[1]



मुस्त़फ़ा जाने रह़मत पे लाखों सलाम
शमए् बज़्मे हिदायत पे लाखों सलाम

हम ग़रीबों के आक़ा पे बेह़द दुरूद
हम फ़क़ीरों की सरवत पे लाखों सलाम

दूरो नज़्दीक के सुनने वाले वोह कान
काने ला'ले करामत पे लाखों सलाम

जिस के माथे शफ़ाअ़त का सेह़रा रहा
उस जबीने सआ़दत पे लाखों सलाम

जिस के सजदे को मेह़राबे का'बा झुकी
उन भवों की लत़ाफ़त पे लाखों सलाम

जिस त़रफ़ उठ गई दम में दम आ गया
उस निगाहे इनायत पे लाखों सलाम

पतली पतली गुले कुद्स की पत्तियां
उन लबों की नज़ाकत पे लाखों सलाम

---

[1] ..... ह़दाइक़े बख़्शिश, स. 211-229

जिस की तस्कीं से रोते हुवे हंस पड़ें
उस तबस्सुम की आ़दत पे लाखों सलाम

❁···❁···❁

कुल जहां मिल्क और जव की रोटी ग़िज़ा
उस शिकम की क़नाअ़त पे लाखों सलाम

❁···❁···❁

जिस सुहानी घड़ी चमका त़यबा का चांद
उस दिल अफ़रोज़ साअ़त पे लाखों सलाम

❁···❁···❁

ग़ौसे आ'ज़म इमामुत्तुक़ा वन्नुक़ा
जल्वए शाने कुदरत पे लाखों सलाम

❁···❁···❁

काश महशर में जब उन की आमद हो और
भेजें सब उन की शौकत पे लाखों सलाम

❁···❁···❁

मुझ से ख़िदमत के कुदसी कहें हां रज़ा
मुस्त़फ़ा जाने रह़मत पे लाखों सलाम

❁···❁···❁

फ़ैज़ से जिन के लाखों इमामे सजे
मेरे शैख़े त़रीक़त पे लाखों सलाम

जिस ने नेकी की दा'वत का जज़्बा दिया
उस अमीर अहले सुन्नत पे लाखों सलाम



दुआ के आदाब

- दुआ से पहले अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की हम्दो सना (ता'रीफ़) बयान करनी चाहिये ।

  जैसे : اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْن

- दुआ के शुरूअ़ और आख़िर में दुरूदे पाक पढ़ने से दुआ क़बूल होती है ।

  जैसे : اَلصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلَيْكَ يَا رَسُوْلَ الله وَعَلٰى اٰلِكَ وَاَصْحٰبِكَ يَا حَبِيْبَ الله

- दुआ करते वक़्त निगाहें नीची रखनी चाहिये ।

- दुआ करते वक़्त इधर उधर देखने से नज़र कमज़ोर होने का अन्देशा है ।

- दुआ में दोनों हाथ इस त़रह़ उठाएं कि सीने की सीध में रहें ।

- दुआ करते वक़्त हथेलियों का रुख़ आसमान की त़रफ़ होना चाहिये ।

दुआए मासूरा

اَللّٰهُمَّ رَبَّنَا اٰتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَّفِي
الْاٰخِرَةِ حَسَنَةً وَّقِنَا عَذَابَ النَّارِ ط

तर्जमा : ऐ रब हमारे हमें दुन्या में भलाई दे और
हमें आख़िरत में भलाई दे और हमें अ़ज़ाबे दोज़ख़ से बचा

اَللّٰهُمَّ رَبِّ زِدْنِيْ عِلْمًا ط

तर्जमा : ऐ मेरे रब मुझे इल्म ज़ियादा दे ।

थोड़े एहसान का शुक्रिय्या

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم : जिस ने थोड़े एहसान का शुक्रिय्या अदा नहीं किया उस ने ज़ियादा का भी शुक्र नहीं किया । (المسند للامام احمد بن حنبل، الحديث: ۷۷۱۸۴، ج۶، ص۳۹۴)

ماخذومراجع

(1)..... **قرآن مجید:** کلام باری تعالٰی، ضیاء القران پبلی کیشنز لاہور

(2)..... **صحیح البخاری:** امام محمد اسماعیل بخاری متوفی ۲۵۶ھ، دارالکتب العلمیۃ بیروت

(3)..... **صحیح مسلم:** امام مسلم بن حجاج بن مسلم القشیری متوفی ۲۶۱ھ، دارابن حزم بیروت

(4)..... **سنن ابی داود:** امام ابوداود سلیمان بن اشعث متوفی ۲۷۵ھ، داراحیاء الثرات العربی

(5)..... **سنن ابن ماجہ:** امام ابوعبداللہ محمد بن یزید القزوینی متوفی ۲۷۳ھ، دارالفکر بیروت

(6)..... **المسند للامام احمد بن حنبل:** متوفی ۲۴۱ھ، دارالفکر بیروت

(7)..... **الجامع الصغیر:** امام جلال الدین سیوطی متوفی ۹۱۱ھ، دارالکتب العلمیہ بیروت

(8)..... **مجمع الزوائد:** حافظ نورالدین علی بن ابوبکر ھیثمی متوفی ۸۰۷ھ، دارالفکر بیروت

(9)..... **مشکوۃ المصابیح:** الشیخ محمد بن عبداللہ الخطیب التبریزی متوفی ۷۴۱ھ، دارالکتب العلمیہ بیروت

(10)..... **مرقاۃ المفاتیح:** الامام الشیخ علی بن سلطان محمد القاری ۱۰۱۴ھ، دارالفکر بیروت

(11)..... **کیمائے سعادت:** امام محمد بن احمد الغزالی متوفی ۵۰۵ھ،

(12)..... **القول البدیع:** حافظ محمد بن عبدالرحمن السخاوی متوفی ۹۰۲ھ، مؤسسۃ الریان

(13)..... **ردالمحتار:** علامہ ابن عابدین الشامی متوفی ۱۲۵۲ھ، دارالمعرفہ بیروت

(14)..... **بہار شریعت:** صدرالشریعہ مفتی امجد علی اعظمی متوفی ۱۳۷۶ھ، ضیاء القرآن پبلی کیشنز لاہور

(15)..... **نماز کے احکام:** امیر اہلسنت حضرت علامہ مولانا محمد الیاس عطار قادری، مکتبۃ المدینہ باب المدینہ کراچی

(16)..... **حدائق بخشش:** اعلحضرت امام احمد رضا خان متوفی ۱۳۴۰ھ، مکتبۃ المدینہ باب المدینہ کراچی

(17)..... **وسائل بخشش:** امیر اہلسنت حضرت علامہ مولانا محمد الیاس عطار قادری، مکتبۃ المدینہ باب المدینہ کراچی

(18)..... **ذوقِ نعت:** مولانا حسن رضا خان

"بسم اللہ" शरीफ़ की बरकत व फ़वाइद

दा'वते इस्लामी के इशाअ़ती इदारे मक्तबतुल मदीना की मत़बूआ़ 1548 सफ़ह़ात पर मुश्तमिल किताब, "फ़ैज़ाने सुन्नत" सफ़ह़ा 134 ता 135 पर शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه फ़रमाते हैं :

📖 .....जो कोई सोते वक़्त بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ 21 बार (अव्वल आख़िर एक बार दुरूद शरीफ़) पढ़ ले اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ उस रात शैत़ान, चोरी, अचानक मौत और हर त़रह़ की आफ़त व बला से मह़फ़ूज़ रहे।

📖 .....जो किसी ज़ालिम के सामने بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ 50 बार (अव्वल आख़िर एक बार दुरूद शरीफ़) पढ़े उस ज़ालिम के दिल में पढ़ने वाले की हैबत पैदा हो और उस के शर से बचा रहे।

📖 .....जो शख़्स तुलूए़ आफ़ताब के वक़्त सूरज की त़रफ़ रुख़ कर के بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ 300 बार और (कोई भी) दुरूद शरीफ़ 300 बार पढ़ें अल्लाह عَزَّوَجَلَّ उस को ऐसी जगह से रिज़्क़ अ़ता फ़रमाएगा जहां उस का गुमान भी न होगा और (रोज़ाना पढ़ने से) اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ एक साल के अन्दर अन्दर अमीर व कबीर हो जाएगा।

📖 .....कुन्द ज़ेहन अगर بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ 786 बार (अव्वल आख़िर एक बार दुरूद शरीफ़) पढ़ कर पानी पर दम कर के पी ले तो اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ उस का ह़ाफ़िज़ा मज़बूत़ हो जाए और जो बात सुने याद रहे। (शम्सुल मआ़रिफ़, मुतर्जम, स.73)


محمد الیاس عطار قادری رضوی
کی تالیف "نماز کے احکام" سے ماخوذ
فیضانِ نماز
فیضانِ نماز


اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ


सुन्नत की बहारें

اَلْحَمْدُ لِلّٰه तब्लीगे़ कुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक दा'वते इस्लामी के महके महके मदनी माह़ोल में ब कसरत सुन्नतें सीखी और सिखाई जाती हैं, हर जुमा'रात मग़रिब की नमाज़ के बा'द आप के शह़र में होने वाले दा'वते इस्लामी के हफ़्तावार सुन्नतों भरे इजतिमाअ़ में रिज़ाए इलाही के लिये अच्छी अच्छी निय्यतों के साथ सारी रात गुज़ारने की मदनी इल्तिजा है। आ़शिक़ाने रसूल के मदनी क़ाफ़िलों में ब निय्यते सवाब सुन्नतों की तरबिय्यत के लिये सफ़र और रोज़ाना फ़िक्रे मदीना के ज़रीए मदनी इन्आ़मात का रिसाला पुर कर के हर मदनी माह के इबतिदाई दस दिन के अन्दर अन्दर अपने यहां के ज़िम्मेदार को जम्अ़ करवाने का मा'मूल बना लीजिये। اِنْ شَآءَاللّٰه इस की बरकत से पाबन्दे सुन्नत बनने, गुनाहों से नफ़रत करने और ईमान की ह़िफ़ाज़त के लिये कुढ़ने का ज़ेहन बनेगा।

हर इस्लामी भाई अपना येह ज़ेहन बनाए कि "मुझे अपनी और सारी दुन्या के लोगों की इस्लाह़ की कोशिश करनी है।" اِنْ شَآءَاللّٰه अपनी इस्लाह़ की कोशिश के लिये मदनी इन्आ़मात पर अ़मल और सारी दुन्या के लोगों की इस्लाह़ की कोशिश के लिये मदनी क़ाफ़िलों में सफ़र करना है। اِنْ شَآءَاللّٰه

ISBN 978-969-579-715-0
0101361





मक्तबतुल मदीना (हिन्द) की मुख़्तलिफ़ शाख़ें

- देहली :- उर्दू मार्केट, मटिया महल, जामेअ़ मस्जिद, देहली -6, फ़ोन : 011-23284560
- अह़मदाबाद :- फ़ैज़ाने मदीना, त्रीकोनिया बग़ीचे के सामने, मिरज़ापुर, अह़मदाबाद-1, गुजरात, फ़ोन : 9327168200
- मुम्बई :- फ़ैज़ाने मदीना, ग्राउन्ड फ़्लोर, 50 टन टन पुरा इस्टेट, खड़क, मुम्बई, महाराष्ट्र, फ़ोन : 09022177997
- ह़ैदराबाद :- मुग़ल पुरा, पानी की टंकी, ह़ैदराबाद, तेलंगाना, फ़ोन : (040) 2 45 72 786

E- mail : maktabadelhi@gmail.com, web : www.dawateislami.net